अति–आवश्यक

राजस्थान सरकार

कार्यालय निदेशक, कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांकःएफ 12 (82) आयो / निकाशि / 2011 / पीटी / 2219 दिनांकः 15–02–2012

प्राचार्य

आर.आर राजकीय महाविद्यालय .अलवर / आर्टस अलवर / कन्या भरतपुर / सीकर / कोटपूतली / उदयपुर / भरतपुर / डूंगरपुर / टोंक / कन्या टोंक / दौसा

विषय :– Aspiring Minds कम्पनी द्वारा आयोजित फ्री AMCAT परीक्षा करवाने बाबत ।

संदर्भ :– इस विभाग का पूर्व पत्र क्रमांकः एफ 12 (82) आयो / निकाशि / 2011 / पीटी / 1037 दिनांकः 10–1–2012

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में आपको निर्देश प्रदान किये गये थे कि Aspiring Minds कम्पनी द्वारा छात्रों की रोजगारोन्मुखता जांच करने के लिए फ्री AMCAT परीक्षा आयोजित कराये जाने हेतु दिनांकः 17–1–12 तक परीक्षा तिथि निर्धारित कर निदेशालय को सूचित किया जाना था । लेकिन आप द्वारा आज दिनांक 14–2--2012 तक भी परीक्षा का आयोजन नहीं करवाया गया है ।

निदेशालय में दिनांकः 16.12.2011 को आयोजित प्राचार्य कार्यशाला में भी आपने इस परीक्षा को छात्रहित में मानते हुए शीघ्रातिशीघ्र करवाकर निदेशालय को सूचित करने हेतु आश्वास्त किया था । इस संबंध में आपको दूरभाष द्वारा भी निरन्तर सम्पर्क किया गया है । लेकिन बडे खेद का विषय है कि इसके उपरान्त भी आपके महाविद्यालय में इस छात्रोपयोगी परीक्षा का आयोजन नहीं हुआ है ।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप उक्त परीक्षा दिनांकः 22–2–12 तक सम्पादित करवाया जाना सुनिश्चित कर इसकी सूचना विभाग को प्रेषित करें अन्यथा इस कार्य में कौताही बरतने पर आप स्वयं व्यक्तिशः जिम्मेदार होंगे एवं आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है ।

(सुबीर कुमार, IAS)
निदेशक

क्रमांकःएफ 12 (82) आयो / निकाशि / 2011 / पीटी / 2220 दिनांकः 15–02–2012

प्रतिलिपि :– श्री धीरेन्द्र देवर्षि, प्रभारी वेबसाइट,कालेज शिक्षा राजस्थान,जयपुर को भेजकर लेख है कि वेबसाइट पर अपलोड करने का श्रम करें।

संयुक्त निदेशक